मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

(ग्रामीण कृषि मौसम सेवा)

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर- 342003

दिनांकः 14 फरवरी 2020

जोधपुर

जिले के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग, क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र, जयपुर से प्राप्त मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान

मौसमी तत्व / दिनांक	15/02/20	16/02/20	17/02/20	18/02/20	19/02/20
वर्षा (मि.मी.)	0	0	0	0	0
अधिकतम तापमान (°सेल्सियस)	31	32	33	33	32
न्यूनतम तापमान (°सेल्सियस)	13	13	14	13	14
बादलों की स्थिति (ओक्टा)	0	0	0	0	5
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) सुबह	67	68	64	65	69
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) शाम	16	10	17	16	16
हवा की गति (कि.मी/घंटा)	7	6	10	10	9
हवा की दिशा	उत्तर–पूर्व	दक्षिण–पूर्व	उत्तर–पूर्व	उत्तर–पूर्व	पूर्व–दक्षिण–पूर्व

मौसम पूर्वानुमान के आधार पर कृषि परामर्श सेवा, केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्वारा इस जिले के किसानों को सलाहः

फसल	अवस्था	सलाह
सौफ		सौफ की फसल में पुष्पन अवस्था पर सिंचाई करें।
जौ व गेहूं		जौ व गेहूं की फसल मे दीमक के नियंत्रण हेतु क्लोरोपायरीफॉस 20 ई. सी 4 लीटर प्रति हैक्टेयर सिंचाई के साथ दें।
मिर्च		मिर्च की फसल के लिए हरीपुर–रायपुर, आर.सी–1, मथानिया लोकल, पूसा ज्वाला व पंत सी–1 उन्नत किस्मों की पौधशाला में बुवाई करें। एक हैक्टेयर क्षेत्र के लिए पौध तैयार करने हेतु एक से डेढ किलो बीज पर्याप्त रहता है। बुवाई से पूर्व 2 ग्राम केप्टान से प्रति किलो बीज को उपचारित करें।
प्याज		प्याज की फसल में 10–12 दिनों के अन्तराल पर सिंचाई करें।
लहसुन		लहसुन में थ्रिप्स कीट (पर्ण जीवी कीट) के प्रकोप की सम्भावना है। यह कीट पत्तियों से रस चूसता है जिससे पत्तियॉ कमजोर पड़ जाती है तथा हानि वाले स्थान पर सफेद चकतें पड़ जातें है। इस कीट के नियंत्रण हेतु मिथाइल डिमेटोन 25 ई.सी. एक मिलीलीटर प्रति लीटर पानी की दर से छिड़काव करें।
भेड–बकरी		इस समय भेड व बकरी में माता एंव कन्टेजियस एक्थाईमा (ORF) की सम्भावना भी अधिक रहती है। यदि भेड व बकरी में माता रोग से बचाने के टीके नहीं लगवाएं है तो टीकाकरण करवा लें।

(नौडल ऑफीसर)